भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 670

उत्तर देने की तारीख 03 दिसम्बर, 2025

रॉबर्ट्सगंज में मोबाइल टावर

670. श्री छोटेलाल:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतें मोबाइल टावरों से वंचित हैं और यदि हॉ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में संचार सेवा कब तक पूरी तरह चालू होने की संभावना है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) अक्टूबर 2025 तक, रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के 2,051 गांवों में से 2,042 गांव मोबाइल कनेक्टिविटी से कवर हैं।

सेवा से वंचित किसी भी आबादी वाले गांव के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर मोबाइल कवरेज प्रदान की जाती हैं। सरकार, रॉबर्ट्सगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में 4जी मोबाइल टावरों के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि के तहत 4जी सैचुरेशन परियोजना समेत कई स्कीमें भी कार्यान्वित कर रही है। दिनांक 31.10.2025 तक, इन स्कीमों के तहत रॉबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 114 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) चालू किए जा चुके हैं, जो 141 गांवों को मोबाइल कवरेज प्रदान कर रहे हैं।

*****